पर्दाफाश

पति और बेटा ही निकला कातिल

# निवास में हुए अंधे कत्ल का 24 घंटे में खुलासा

- घरेलू विवाद का खौफनाक अंत
- पिता-पुत्र ने मिलकर ली महिला की जान, आरोपी गिरफ्तार



**निवास।** मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत निवास थाना पुलिस ने एक सनसनीखेज अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है।

ग्राम घुरनेर में हुई एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति और पुत्र को ही गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार विगत दिवस 17 अप्रैल को निवास के ग्राम घुरनेर में एक घर के भीतर महिला की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने की खबर से सनसनी फैल गई थी। प्रार्थी मुकेश पटेल की रिपोर्ट पर मृतिका तुलसा बाई (45) का मर्ग कायम कर पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। मामला संदिग्ध होने के कारण तत्काल एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाकर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए।

## 15 साल का विवाद बना हत्या की वजह

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी निवास के मार्गदर्शन में गठित टीम ने जब बारीकी से जांच की, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। बताया गया कि मृतिका और उसके पति के बीच पिछले 15-20 वर्षों से विवाद चल रहा था, जिसके कारण वे अलग-अलग रह रहे थे। 15 अप्रैल की शाम को फिर से पुरानी बातों पर विवाद हुआ। गुस्से में आकर पुत्र मनोहर ने मां को जमीन पर पटक दिया, जिसके बाद पति चन्द्रिका प्रसाद ने गला दबाया और पत्थर से सिर व चेहरे पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

## साक्ष्य छिपाने की कोशिश

हत्या के बाद चन्द्रिका प्रसाद उर्फ प्रकाश सिंगरौरे (50) मृतिका का पति और मनोहर प्रसाद सिंगरौरे (24) मृतिका का पुत्र ने खून से सने हाथ धोए और कपड़े बदलकर सबूत मिटाने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना के वक्त पहने हुए खून से सने कपड़े और हत्या में प्रयुक्त पत्थर जब्त कर लिया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

इस अंधे कत्ल को सुलझाने में थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल घासले, उनि पंक विश्वकर्मा, उनि हिमांशु चौहान, सउनि भुवन अतकरे और उनकी पूरी टीम आरक्षक रोहित, अभिनव, स्वरूप, बुद्धसेन, ज्ञानेन्द्र एवं सैनिक इन्दर की विशेष भूमिका रही।

# जनगणना 2027 को लेकर प्रशिक्षण आयोजित



**नारायणगंज ।** जनपद पंचायत सभागार नारायणगंज में आज 'भारत की जनगणना 2027' के तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस बैठक में जनगणना कार्य की तैयारियों, प्रक्रिया एवं जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने जनगणना को देश की सबसे अहम प्रशासनिक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से जनसंख्या से संबंधित सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े एकत्र किए जाते हैं, जो शासन की योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण सत्र में गणनाकर्ताओं को घर-घर सर्वेक्षण, डेटा संग्रहण, ऑनलाइन एंट्री प्रणाली तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, हाउस लिस्टिंग, जनसंख्या गणना एवं सत्यापन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में कार्य के दौरान पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण पर जनगणना चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार महोदय, फील्ड ट्रेनर जयदेव मार्को, संदीप धुर्वे, कमलेश धुर्वे, अजय मरावी सहित 43 एन्यूमरेटर, 7 सुपरवाइजर, आईटी प्रभारी शिखर सोनी एवं तहसील कार्यालय का सहयोगी स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत भविष्य को संवारती है : कलेक्टर

- महर्षि सांदीपनि विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मिले



**घुघरी ।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने शनिवार को घुघरी भ्रमण के दौरान सांदीपनि विद्यालय घुघरी पहुंचे। यहाँ उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात की। कलेक्टर श्री धोटे ने दसवीं कक्षा में जिले में प्रथम स्थान पर रहे विद्यार्थी उमेश पड़वार तथा बारहवीं कला संकाय में जिले में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा कु. भूमिका मरकाम को सम्मानित किया। उन्होंने दोनों बच्चों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर कलेक्टर धोटे ने कहा कि विद्यार्थियों से मिलकर हमेशा खुशी होती है। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन का एक संस्मरण भी यहाँ मौजूद बच्चों को सुनाया। कलेक्टर धोटे ने स्कूल के प्राचार्य एमके चौधरी जमकर तारीफ भी की,एवं सभी शिक्षकों को भी बच्चों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी की सफलता में गुरूजनों का सबसे बड़ा योगदान होता है। इस दौरान एसडीएम घुघरी सचिन जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलएस उईके, विद्यालय प्राचार्य एमके चौधरी सहित अधिकारी, कर्मचारी तहसीलदार ,, शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## परशुराम प्राकट्यत्सव पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**भुआबिछिया।** अक्षय तृतीया (भगवान परशुराम प्रकट्य उत्सव) के पावन अवसर पर भुआ बिछिया में माहिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज, बिछिया के तत्वावधान में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को श्रीराम मंदिर प्रांगण, भुआ में प्रात: 8.30 बजे से भगवान परशुराम का पूजन, अर्चन, हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात 27 अप्रेल को सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें बिछिया एवं आसपास क्षेत्र के बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया जाएगा। आयोजन में जिले भर के ब्राह्मण समाज के साथ-साथ सर्व हिन्दू समाज के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

# युवाओं ने पकड़ाई अवैध अंग्रेजी व देशी शराब






**मवई।** जिले के मवई क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध शराब परिवहन के मामले का स्थानीय युवाओं की सक्रियता से भंडाफोड़ हो गया। आरोप है कि अंग्रेजी शराब दुकान मवई से प्रतिदिन विकासखंड के विभिन्न गांवों में अवैध रूप से शराब की सप्लाई की जा रही थी।

रविवार दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच अंग्रेजी शराब दुकान के सामने बोलेरो वाहन में खुलेआम शराब लोड की जा रही थी। इस संदिग्ध गतिविधि को ग्राम पंचायत मवई के युवाओं ने देखा और तत्काल सक्रिय हो गए। युवाओं ने पहले पुलिस को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी और इसके बाद वाहन का पीछा कर लगभग 300 मीटर दूर चौराहे पर उसे रुकवा लिया। पूछताछ में चालक ने स्वीकार किया कि वाहन में शराब भरी हुई है। वाहन खोलकर देखने पर कपड़े से ढककर रखी गई शराब की पुष्टि भी हुई। सूचना मिलते ही मवई पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले को अपने नियंत्रण में लिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए वाहन से 9 बॉक्स में लगभग 26 लीटर अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त की। साथ ही बोलेरो वाहन को भी कब्जे में लेकर थाना मवई ले जाया गया, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। पुलिस ने बताया कि मामले में बीएनएस की धारा 34(ए) के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय युवा मौके पर मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब का नेटवर्क सक्रिय है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही थी। लोगों ने प्रशासन से इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर इसमें शामिल सभी लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लग सके।

# उड़ीसा से जबलपुर लाया गया 4 .89 लाख का गांजा समेत 3 तस्कर पकड़ाए

**जबलपुर।** तिलवारा पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 9 किलो 781 ग्राम अवैध गांजा लगभग 4 लाख 89 हजार रुपये का बरामद किया गया है। पकड़े गए तस्कर उड़ीसा से माल लाकर शहर में पुड़िया बनाकर बेचने की फिराक में थे। तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि चूल्हा गोलाई वन चौकी के पास पुलिस पहुँची, तो तीन युवक हाथ में बैग लिए संदिग्ध हालत में खड़े दिखे। पुलिस की गाड़ी देखते ही तीनों घबरा गए और नहर के रास्ते जंगल की ओर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी की और शुभम पटेल निवासी तिलवारा, शुभम शुक्ला निवासी विदिशा और नीरज डेहरिया निवासी तिलवारा) को पकड़ा। जब पुलिस ने इनके पास मौजूद पिट्ठू बैग और थैलों की तलाशी ली, तो अंदर गांजे के पैकेट बरामद हुए। पुलिस ने कुल 9 किलो 781 ग्राम मादक पदार्थ जब्त कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कि वे यह खेप तितलागढ़ (उड़ीसा) निवासी क्षितिज साहू से खरीदकर लाए थे। आरोपी इस थोक माल की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर स्थानीय स्तर पर फुटकर में बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस अब उड़ीसा स्थित मुख्य सप्लायर की तलाश में कड़ियां जोड़ रही है।

# पारा 41 डिग्री पार, नौनिहालों को गर्मी से राहत, दोपहर 12 बजे तक लगेंगी कक्षाएं



**जबलपुर।** शनिवार को पारा 41 डिग्री पार हो गया। सुबह से सूर्यदेव के तेवर उग्र रहे । बीच बीच में बादलों ने डेरा डालने की कोशिश की लेकिन सूरज के सामने बादलों की नहीं चली। दिनभर लू के साथ झुलसाने वाली हवाएं चली। चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल हो गए ।

नौनिहाल भी बेहाल थे। जिन्हें कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने राहत दे दी है । दरअसल जिले में ग्रीष्म ऋतु में निरन्तर तापमान में वृद्धि होने के कारण विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना के मद्देनजर सभी शासकीय एवं अशासकीय (सभी परीक्षा बोर्ड से सम्बद्ध) विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्र, छात्राओं के लिए शाला संचालन का समय प्रात: 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिक्षक लक्ष्य अनुसार नामांकन, आधार अपडेशन एवं अपार आईडी एवं अन्य कार्य शाला में उपस्थित रहकर समय सीमा में पूर्ण करेगें। इसी क्रम में जिले में संचालित समस्त आंगनवाडी केन्द्र बच्चों के लिए प्रात: 8 से 12 बजे तक संचालित होंगे। यह आदेश 21 अप्रैल से प्रभावशील होगा। शनिवार को अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया सुबह के वक्त आद्रता 36 और शाम को 32 प्रतिशत दर्ज की गई। पश्चिमी हवाएं चार से पांच किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलती रहीं । मौसम विभाग की माने तो 22 अप्रैल तक जबलपुर जिले में दिन का तापमान 41 से 42.5 डिग्री सेल्सियस और एवं रात का तापमान 22 से 23.5 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है, जिस कारण दिन में लू भी चल सकती है।

पश्चिमी विक्षोभ, माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर उत्तर पाकिस्तान 2 एवं निकटवर्ती क्षेत्रों के ऊपर एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में अवस्थित है। उत्तर एवं उत्तर-पूर्व भारत के ऊपर, माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर, लगभग 148 किमी प्रति घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है।

# जर्जर मकान की दीवार ढहने से एक की मौत

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत धनपुरी में शनिवार सुबह एक पुराने जर्जर मकान को तोड़ने के दौरान अचानक दीवार गिर गई, जिसके मलबे में दबने से 40 वर्षीय एक मजदूर की जान चली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धनपुरी निवासी धर्मचंद कैशरवानी के पुराने जर्जर मकान को ढहाने का काम चल रहा था। शनिवार सुबह लगभग 11:30 बजे, मजदूर दुर्जन सिंह पिता सुम्मत सिंह, 40 वर्ष दीवार तोड़ने के काम में लगा हुआ था। इसी दौरान दीवार का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर सीधे दुर्जन के ऊपर गिर गया। मलबे की चपेट में आने से उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने एम्बुलेंस 108 की मदद से घायल दुर्जन सिंह को विक्टोरिया अस्पताल पहुँचाया। हालांकि, चोटें इतनी गंभीर थीं कि अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने उसे चेक किया और मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि यह हादसा सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण हुआ या कोई तकनीकी चूक थी, इसकी जांच की जा रही है। मकान मालिक और मौके पर मौजूद अन्य श्रमिकों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# चोरों ने अलमारी काट कर पार किए 4 .50 लाख नगद और जेवर

मुंडन कार्यक्रम में गया था परिवार



**जबलपुर।** बेलबाग थाना थाना अंतर्गत लकड़गंज में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए घर में घुसकर न केवल ताले तोड़े, बल्कि कटर से अलमारी को काटकर उसमें रखे साढ़े चार लाख रुपये नगद और सोने-चांदी के कीमती जेवर लेकर रफूचक्कर हो गए।

जानकारी के अनुसार, लकड़गंज निवासी जावेद अली (33) बारदाने का व्यवसाय करते हैं, परिवार एक मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसके बाद जावेद की मां, पत्नी और बच्चे घर पर ताला लगाकर मदनमहल दरगाह चले गए थे। सुरक्षा के लिहाज से जावेद की पत्नी ने घर की चाबी पास ही स्थित मोबाइल दुकानदार मुबिन को सौंप दी थी। बाद में जावेद अली ने मुबिन से चाबी लेकर मेन गेट खोला, तो भीतर का नजारा देख दंग रह गया। कमरे की जंजीर और ताला टूटा हुआ था। भीतर जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर कटा हुआ था। चोरों ने न केवल जावेद के कमरे बल्कि उनके बड़े भाई के कमरे को भी निशाना बनाया। जावेद के कमरे की अलमारी से सोने की नाक की लौंग, चांदी के कड़े, दो जोड़ी पायल और अन्य जेवरों सहित 4 लाख रुपये नगद गायब थे। वहीं बड़े भाई के कमरे की अलमारी का लॉकर काटकर चोरों ने वहां रखे 50 हजार रुपये पर भी हाथ साफ कर दिया। कुल मिलाकर 4 लाख 50 हजार रुपये नगद और लाखों के जेवर चोरी हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके।

## धड़धड़ाते हुए गुजर गई ट्रेनें, दो की मौत

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत सतपुला ब्रिज के पास एवं गोसलपुर सिहोरा डाउन ट्रेक खजरी फाटक के आगे ट्रेनें दो अधड़े पर धड़धड़ाते हुए गुजर गई। जिससे दोनों की मौत हो गई। रांझी पुलिस ने बताया कि शनिवार को रेल्वे स्टेशन से ट्रेक मैनटेनर अभिषेक सिंह परिहार 34 वर्ष ने सूचना दी कि सतपुला ब्रिज के पास लगभग 55 वर्ष अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की शिनाखतगी के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी प्रकार गोसलपुर थाने में रेल्वे स्टेशन गोसलपुर से प्वाइंट्स मेन चंदन कुमार 30 वर्ष ने सूचना दी कि गोसलपुर सिहोरा डाउन ट्रेक खजरी फाटक के आगे ताहर काछी उर्फचैनू पिता चन्नूराम काछी 55 वर्ष निवासी खजरी गोसलपुर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

## ग्वारीघाट में पूजन कर रहे अधेड़ के कपड़े और नकदी समेत मोबाइल पार

**जबलपुर।** ग्वारीघाट में पूजा-अर्चना करने आए एक श्रद्धालु के कपड़े और उनमें रखा कीमती सामान लेकर चोर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार द्वारका नगर घमापुर निवासी दिलीप कुमार शर्मा (52) पत्नी मीना शर्मा के साथ ग्वारीघाट स्थित त्रिशूल वाले पंडा के घाट पर पूजन के लिए आए थे। दिलीप कुमार अपने कपड़े घाट पर रखकर नर्मदा स्नान करने चले गए।

# अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त




**बिछिया ।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है, जो अवैध रूप से खनिज का परिवहन कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशों के पालन में खनिज विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में सतत निगरानी और जाँच की जा रही है। इसी क्रम में बिछिया तहसील अंतर्गत ग्राम चक्की क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध खनिज परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर (क्रमांक एमपी 51 जेडएफ 1154) को पकड़ा गया। कार्रवाई के तहत वाहन को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। संबंधित वाहन के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई हेतु कलेक्टर न्यायालय भेजा गया है। यह कार्रवाई खनिज निरीक्षक एवं विभागीय अमले द्वारा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# बेकाबू डंपर खड़े ट्रक से टकराया, एक घायल

नागा घाटी में हुआ हादसा



**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत नागा घाटी में जबलपुर-मंडला हाइवे में शनिवार सुबह तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया ।

जानकारी के अनुसार मंडला की ओर एक डंपर जबलपुर तरफ आ रहा था। वह जैसे ही शनिवार सुबह करीब 11 बजे नागा घाटी में जबलपुर-मंडला हाइवे में पहुंचा तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। बताया जाता है कि ट्रक के टायर गर्म होने के कारण चालक वाहन सड़क किनारे रोककर टायर ठंडा कर रहा था तभी डंपर ने ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी और ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया । इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसके पैर में फैक्चर है।

## शादी से लौट रहे युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे युवकों को रोककर बदमाशों ने पहले शराब के लिए पैसों की डिमांड की और इनकार करने पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार गोहलपुर निवासी नाहिद मंसूरी (22) अपने दोस्तों मोहम्मद इस्तयार, एजाज अंसारी और मारूफ कुरैशी के साथ बीती रात दोस्त शेख फैजान की बहनों की शादी में शामिल होने गाजीबाग मैरिज हॉल गए थे। रात करीब 10 :30 बजे खाना खाने के बाद सभी दोस्त टहलते हुए चाय पीने के लिए गाजी नगर की ओर जा रहे थे। रास्ते में उन्हें इलाके के दो बदमाश अरमान और अयान मिले। आरोपियों ने नाहिद और उसके दोस्तों को रोक लिया और शराब पीने के लिए 1000 की मांग करने लगे।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश अवैध कट्टे के साथ गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी को अवैध देशी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहा था, लेकिन घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया। आरोपी के खिलाफ पहले से ही हत्या के प्रयास और मारपीट जैसे 17 गंभीर मामले दर्ज हैं।

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया मड़ई ऑटो स्टैंड के पास घेराबंदी कर अमन केवट (22) निवासी रक्षा नगर कॉलोनी, बड़ा पत्थर रांझी को पकड़ा गया तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने यह हथियार रूपेन्द्र साहू नाम के व्यक्ति से 5,000 रुपये में खरीदा था। अमन केवट एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, मारपीट और आर्म्स एक्ट के कुल 17 अपराध पहले से ही दर्ज हैं।

**43 वारंटियों, 23 तस्करों को पुलिस ने दबोचा**

**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने पिछले 24 घंटे में कई वर्षो से फरार 10 गैरम्यादी, 33 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 68 जमानती वारंट तामील किये गये।

# विश्वासघात : पत्नी को स्टेशन छोड़ने के बहाने मजदूर लेकर भागा ठेकेदार की बाइक

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में एक मजदूर ने ठेकेदार के साथ विश्वासघात कर पत्नी को रेलवे स्टेशन छोड़ने के बहाने मोटरसाइकिल मांग कर ले गया और फिर वापस नहीं लौटा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है ।पुलिस ने बताया कि शक्तिनगर, सैनिक सोसायटी गढ़ा निवासी अभिनव ठाकुर (42) ठेकेदार हैं। उसकी एक कंस्ट्रक्शन साइट जिलहरी ग्राम, ग्वारीघाट में चल रही है। इसी साइट पर पिछले दो महीनों से राजू नामक मजदूर अपनी पत्नी के साथ काम कर रहा था। दो महीने से साथ काम करने के कारण अभिनव उस पर भरोसा करने लगे थे। राजू ठेकेदार अभिनव के पास आया। उसने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि उसे अपनी पत्नी को ट्रेन पकड़वाने के लिए रेलवे स्टेशन छोड़ना है, इसलिए उसे बाइक की सख्त जरूरत है। मानवता के नाते अभिनव ने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एम 4342 राजू को दे दी। जब राजू गाड़ी लेकर वापस नहीं आया, तो अभिनव को चिंता हुई। राजू के मोबाइल पर कई बार फोन किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया। कुछ देर बाद आरोपी ने अपना मोबाइल पूरी तरह बंद कर दिया। ठेकेदार ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन राजू और उसकी पत्नी का कहीं पता नहीं चला।

**घर के आंगन में घूम रही थी दो फीट लंबी गोह**

पाटन थानांतर्गत चौधरी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 4 निवासी विजय प्रजापति के घर के आंगन में विगत तीन दिन से एक दो फीट लंबी गोह यहां वहां घूमते हुए परिजनों के लिए दहशत का पर्याय बनी हुई थी। शनिवार दोपहर तीन बजे जब गोह सीढ़ियों के नीचे बैठी थी तभी स्थानीय कुलदीप बबेले ने सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए गोह को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।